





# कैलारस में हटाए अस्थाई अतिक्रमण व हाथ ठेले

## कैलारस में अतिक्रमण हटाने सड़कों पर उतरे अफसर, जौरा में सोमवार से चलेगा अभियान

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 25 अक्टूबर।** लंबे इंतजार के बाद अंततः कैलारस कस्बे में एनएच-552 यानि एमएस रोड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शनिवार को शुरू हो गई। एसडीएम मेघा तिवारी, तहसीलदार नरेश शर्मा के साथ नगरपालिका के मदाखलत दस्ते, पुलिस जवानों की मौजूदगी में नाले-नालियों के ऊपर से 200 से अधिक अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। वहीं सड़क किनारे रखीं गुमटियों और हाथठेलों को भी हटवाया गया।

सुबह 10 बजे जैसे ही अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू हुई, अतिक्रमणकारियों में खलबली मच गई। नगरपालिका व पुलिस फोर्स को देखकर कुछ लोगों ने खुद ही नालों के ऊपर से अपने अस्थाई अतिक्रमण हटा लिए। देर शाम तक चली कार्रवाई के दौरान एमएस रोड के एक किमी से अधिक लंबाई में सड़क के दोनों साइड में दुकानों के आगे लगे टीनशेड, नालों पर रखे तख्त, गुमटियां, हाथठेले हटवाए गए। पुलिस थाने के सामने स्थाई रूप से खड़े होने वाले चार पहिया वाहनों को भी हटवाया जाएगा।

**जौरा कस्बे में सोमवार से हटाया जाएगा अतिक्रमण :** जौरा कस्बे में एसडीएम शुभम शर्मा की निगरानी में सोमवार से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। नपा सीएमओ वीरेंद्र रावत ने बताया कि बाजारों में जहां-जहां लोगों ने नाले नालियों के आगे अवैध रूप से अस्थाई अतिक्रमण कर रखा है, उसे वह स्वयं हटा लें। अन्यथा 27 अक्टूबर से अभियान चलाकर उनके अतिक्रमण हटाए जाएंगे। इस दौरान व्यवधान पैदा करने वालों के विरुद्ध भी सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ ने हाथ ठेला व्यापारियों से भी कहा है कि वह अपने हाथठेले हॉकर्स जोन में लगाना शुरू कर दें, जिससे उनका व्यापार भी बाधित न हो और एमएस रोड पर ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने।

### तीन चरणों में हटेगा अतिक्रमण, आज 3 जगह चलेगा अभियान

तहसीलदार नरेश शर्मा ने बताया कि एमएस रोड पर लंबे समय से अतिक्रमण के चलते ट्रैफिक जाम हो जाता था, इसलिए पहले चरण में हमने एमएस रोड पर सबसे पहले कार्रवाई की। दूसरे चरण में रविवार को पुरानी सब्जी मंडी, पहाड़गढ़ रोड और चौड़ा खरंजा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। तीसरे चरण में थोक सब्जी मंडी और फ्रूट मार्केट को अनाज मंडी में शिफ्ट किया जाएगा। जिससे ट्रैफिक निर्बाध रहे और शहरवासियों को ट्रैफिक जाम से नहीं जूझना पड़े।

### कार्रवाई के दौरान व्यापारियों ने नपाध्यक्ष पति को बुलाया

जिस वक्त पुलिस-प्रशासन, नपा का मदाखलत दस्ता अतिक्रमण हटा रहा था, कुछ व्यापारियों ने नाराजगी जाहिर करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष अंजना बंसल के पति और भाजपा नेता बृजेश बंसल को मौके पर बुला लिया। लेकिन नगरपालिका की बैठक में ही अतिक्रमण हटाने पर सहमति बनी थी, इसलिए अध्यक्ष पति ने भी व्यापारियों को समझाइश दी कि यह कार्रवाई जनता के हित में हो रही है, इसमें व्यवधान पैदा न करें। कार्रवाई के दौरान सीएमओ हनुमंत सिंह भदौरिया, कैलारस एसडीओपी उमेश मिश्रा, उपनिरीक्षक हिमांशु यादव भी मौजूद रहे।

# करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है... भजन पर झूमे श्रोता





**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 25 अक्टूबर।** ख्यातिप्राप्त भजन गायिका पूर्णिमा दीदी द्वारा प्रस्तुत किए गए भजन पतवार के बिना ही मेरी नाव चल रही है, करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है...को सुनकर खाटू श्याम गुणमान महोत्सव के दौरान उपस्थित श्रद्धालुजन भक्तिभाव से सराबोर होकर झूमने लगे।

## जौरा में खाटू श्याम गुणगान महोत्सव का हुआ आयोजन

कस्बा जौरा की मिश्र वाटिका में खाटू श्याम गुणगान महोत्सव का आयोजन 24 अक्टूबर की शाम को हुआ। यह कार्यक्रम श्री श्याम सहारा मित्र मंडल के तत्वावधान में आयोजित हुआ। महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर उपस्थित रहे। सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, नपाध्यक्ष जौरा अखिल माहेश्वरी, भाजपा नेता मनोज सोबरन सिंह गुर्जा, हरेन्द्र त्यागी विशेष रूप से मौजूद थे। महोत्सव में श्याम बाबा का दरबार फूलों से सजाया गया था। शुभारंभ किशन बाबा के सानिध्य में अखंड ज्योति जलाकर और इत्र एवं पुष्प वर्षा के साथ हुआ। इस मौके पर छप्पनभोग भी लगाए गए।

**भजन गायकों की प्रस्तुतियों ने बांधा शमां, झूमे श्रद्धालु :** श्याम गुणगान महोत्सव में वृंदावन से पधारी भजन गायिका पूर्णिमा दीदी ने मैने मोहन को बुलाया है, वह आता होगा सहित अन्य भजन प्रस्तुत किए। इसी क्रम में श्याम भैया ग्वालियर, प्रमोद फरीदाबाद, शिवम रावल इंदौर, अक्षिता सिंह राजपूत उज्जैन, अतुल पारिक ग्वालियर ने भी सुमधुर धुनों पर भजनों की प्रस्तुतियां दीं। जिन्हें सुनकर श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। महोत्सव का समापन सुबह 7 बजे आरती और प्रसादी वितरण के साथ हुआ।

# चारे के साथ मशीन में सांप के हुए 3 टुकड़े, युवती को डंसा, मौत

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/रामपुरकलां, 25 अक्टूबर।** नाऊडांढ़ा गांव में एक युवती अपने घर में मशीन से चारा काट रही थी। इसी दौरान चारे के साथ सांप भी मशीन में आ गया, जिससे उसके तीन टुकड़े हो गए। लेकिन मरते-मरते सांप ने चारा काट रही युवती के हाथ की अंगुली में 2 बार डंस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार नाऊडांढ़ा गांव में रहने वाली युवती भारती कुशवाह 18 पुत्री हरीलाल कुशवाह शनिवार को अपने घर में लगी मशीन में हरा चारा काट रही थी। चारे में ही एक सांप बैठा हुआ था। युवती ने जैसे ही हरे चारे को मशीन में लगाकर उसे काटना शुरू किया चारे के बीच बैठे सांप की पहले पूंछ कटी, फिर उसका बीच का हिस्सा धड़ अलग होकर कट गया। मुंह के जिस हिस्से में विषग्रंथि होती है, वह निर्जीव नहीं हुआ था, उसने भारती के हाथ की अंगुली में दो बार काट लिया। घटना के बाद परिजन तुरंत भारती को हीरामन स्थान पर ले गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद नैपरी गांव ले जाया गया। नेपरी में मौजूद चिकित्सक ने परिजन को सलाह दी कि उसे तुरंत सबलगढ़ अस्पताल ले जाएं। परिजन भारती को सबलगढ़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया है।

# जौरा के नागरिक शासन की योजनाओं से वंचित न रहें : अखिल

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 25 अक्टूबर।** नगर पालिका परिषद जौरा के साधारण सभा के विशेष सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को हुआ।

## नगरपालिका जौरा की साधारण सभा की विशेष बैठक आयोजित



सम्मेलन की अध्यक्षता नपाध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने की। सम्मेलन में परिषद के सदस्यों ने पेश किए गए एजेंडे में शामिल सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श करने के बाद सहमति जताई और सभी बिंदु पारित हुए।

विशेष सम्मेलन में नगरपालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने सीएमओ वीरेन्द्र सिंह रावत, इंजीनियर आकाश त्यागी सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्र मे साफ-सफाई व्यवस्था की सख्ती से निगरानी करें, कोई भी नागरिक हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, इसके लिए प्रयास करें। कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता बरतने वाले अधिकारी, कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी अध्यक्ष श्री माहेश्वरी ने दी। सम्मेलन में स्वच्छता अभियान में प्रदेश की टॉप-5 निकायों में जौरा के शामिल होने पर सदस्यों ने अध्यक्ष श्री माहेश्वरी को बधाई दीं और धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

### सम्मेलन में इन बिंदुओं पर हुई चर्चा, प्रस्ताव हुए पारित

- केन्द्र सरकार की नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म नीति का समर्थन।
- आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का नगर स्तर पर क्रियान्वयन।
- धोबी घाट का निर्माण।
- पीएम आवास योजना 2 .0 के प्रकरणों पर विचार।
- निकाय कर्मचारियों को गर्म वर्दी प्रदाय किए जाने।

## एक नजर में

### श्रीश्याम जन्मोत्सव कीर्तन का आयोजन 31 अक्टूबर को

**मुरैना, 25 अक्टूबर।** श्रीश्याम भक्तों के तत्वावधान में वार्षिक श्रीश्याम जन्मोत्सव कीर्तन का आयोजन आगामी 31 अक्टूबर को किया जाएगा। यह कार्यक्रम मुरैना शहर में जिला जेल के पीछे स्थित तुलसी कॉलोनी में 31 अक्टूबर की शाम 8 बजे से होगा। कार्यक्रम में देश के कई बड़े शहरों से आने वाले कलाकारों द्वारा भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं जाएगीं। भक्त मंडल द्वारा आयोजन की तैयारियां शुरू कर दीं गई है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अखंड ज्योति, इत्र वर्षा, छप्पन भोग एवं झांकियों का मंचन रहेगा। भक्त मंडल द्वारा लगातार दूसरी साल यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। श्रीश्याम के पागल भक्त मंडल ने श्रद्धालुजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### विद्युत चैकिंग अभियान : 45 कनेक्शन काटे, 3 .70 लाख वसूले



**मुरैना/जौरा।** विद्युत वितरण कंपनी जौरा के प्रभारी एसई राजेश कुमार के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने शनिवार को जौरा नगर में आकस्मिक विद्युत चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान विद्युत बिलों की राशि जमा न करने वाले 45 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए, इन उपभोक्ताओं से 3 लाख 70 हजार रूपये की राशि भी वसूली गई। शनिवार को प्रभारी एसई राजेश कुमार, कनिष्ठ यंत्री मुकेश मिश्रा टीम के साथ जौरा नगर की अस्पताल रोड, कलारी रोड, एमएस रोड, पुराना हनुमान मंदिर, बस स्टैंड क्षेत्र में पहुंचें। इस दौरान टीम ने तीन उपभोक्ताओं को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा। जिनके विरुद्ध विद्युत चोरी के प्रकरण बनाए गए है। कार्रवाई के दौरान टीम ने विद्युत उपभोक्ताओं से 3 लाख 70 हजार रूपये की राशि भी वसूल की। कार्रवाई करने वाली टीम में मनोज कुमार जाटव, ऋषिकेश कुशवाह, हरिओम कुशवाह, बृजमोहन धाकड़, घनश्याम सिकरवार, अमरकांत शर्मा, मनोज सविता, भारत मीणा, अलीमुद्दीन खान आदि शामिल थे।

### हिंगौनाकलां में विवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी



**मुरैना।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र के ग्राम हिंगौनाकलां में शनिवार की सुबह विवाहिता लक्ष्मी जाटव 26 पत्नी कृष्णा जाटव ने अपने घर में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजन ने जब उसे फंदे पर झूलते हुए देखा तो उसे उतारकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचें, जहां चिकित्सक ने परीक्षण करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### ब्लास्ट में जान गंवाने वालों के परिजन को 2-2 लाख मुआवजा

मुरैना, 25 अक्टूबर। गत वर्ष 19 अक्टूबर 2024 को इस्लामपुरा मुरैना में हुए ब्लास्ट से मकान की क्षतिपूर्ति एवं घर-गृहस्थी सामान के लिए शासन द्वारा आरबीसी 6, 4 के तहत 4 परिवारों को 1 .26-1 .26 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई थी। एसडीएम मुरैना बीएस कुशवाह ने बताया कि 26 दिसम्बर 2024 को राठौर कॉलोनी में 7 मकान क्षतिग्रस्त हुए थे। जिनमें से 4 मकान पूर्ण क्षतिग्रस्त मानकर 1 लाख 25 हजार रूपये प्रति मकान के हिसाब से जारी किए गये है। मृतक 04 व्यक्तियों के परिजनों को रेडक्रॉस से 2-2 लाख रूपये प्रति मृतक, 10 हजार रूपये प्रति मृतक के अंतिम संस्कार के लिए दिये गये है। जबकि घायल 5 व्यक्तियों को 10-10 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई थी।

# द्वारिकाधीश की विदाई के साथ लीला मेले का समापन

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 25 अक्टूबर।** साढ़े तीन दिन की मेहमानी करने आए द्वारिकाधीश की शनिवार को विदाई के साथ ही पारम्परिक लीला मेले का समापन हो गया।

## प्रतिवर्ष साढ़े तीन दिन की मेहमानी को मुरैनागांव आते हैं द्वारिकाधीश



विदाई से पहलेमुरैनागांव में मुकेश पुत्र रामअवतार शर्मा के घर भगवान द्वारिकाधीश ने भोजन किया। उनके साथ भोज में ग्वाल-बाल भी शामिल हुए।

यहां बताना होगा कि प्रतिवर्ष दीपावली के दूसरे दिन प्रतिपदा को भगवान द्वारिकाधीश मुरैनागांव में साढ़े तीन दिन के लिए आते है। मुरैनागांव में उनकी मेहमानी के दौरान गुजरात के द्वारिका में प्राचीन द्वारिकाधीश मंदिर के कपाट बंद रहते है। मुरैनागांव में द्वारिकाधीश के आगमन पर नागलीला के साथ ही पारम्परिक लीला मेले का शुभारंभ होता है।

इस लीला मेले में मुरैनागांव सहित पूरे जिले के लोग सैर-सपाटा करने और भगवान द्वारिकाधीश के दर्शन करने पहुंचते है। शनिवार को दाऊजी मंदिर के महंत श्रीनिवास, रविकांत, कमलाकृष्ण, जितेंद्र स्वामी, महेश स्वामी, दीपक स्वामी, सनी, मोनू और समस्त ग्रामवासियों ने विधि-विधान से द्वारिकाधीश को नम आंखों से विदाई दी। जिसके साथ ही लीला मेले का समापन हो गया।



## लंबित शिकायतों को अधिकारी प्राथमिकता से निपटाएं

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 25 अक्टूबर।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने कहा कि जनसमस्याओं का समय पर समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह में जिले का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है, लेकिन 50 दिवस या उससे अधिक पुरानी शिकायतों का वेटेज केवल 10 प्रतिशत रहा है। सभी विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आगामी सप्ताह में इन शिकायतों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए।



## सनातन महासभा ने निकाली जन जागृति आमंत्रण पद यात्रा

**मुरैना, 25 अक्टूबर।** सनातन महासभा की युवा सेना इकाई के तत्वावधान में शनिवार को जीवाजीगंज स्थित रामजानकी मंदिर से जन जागृति आमंत्रण पदयात्रा निकाली। जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर हनुमान चौराहा पहुंचीं। पदयात्रा के दौरान शहर के नागरिकों को अक्षत वितरित कर बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा दिल्ली से वृंदावन तक की जाने वाली पदयात्रा में शामिल होने का आव्हान किया गया। जन जागृति आमंत्रण पदयात्रा में इस्कॉन मंदिर के सदस्यों सहित संत समाज के लोग और महासभा के पदाधिकारी शामिल हुए। जिनमें कुलदीप पाराशर, अमित शर्मा, रवि गोस्वामी, राहुल पाल, शिवम पाराशर, अरविंद यादव, गौसांसद रुद्रप्रताप सिंह आदि प्रमुख थे।

# अवैध रूप से संचालित निजी क्लीनिक-मेडिकल स्टोर शील्ड

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 25 अक्टूबर।** कस्बा जौरा में पगारा रोड पर अवैध रूप से चल रहे एक निजी क्लीनिक और मेडिकल स्टोर को

## जौरा एसडीएम, सीबीएमओ ने पगारा रोड पर की कार्रवाई



एसडीएम जौरा शुभम शर्मा, सीबीएमओ डॉ. आरएस सैमिल ने शनिवार को शील्ड कर दिया।

एसडीएम शुभम शर्मा और सीबीएमओ डॉ. सैमिल शनिवार की दोपहर औचक निरीक्षण करने के लिए पगारा रोड पर पहुंचें, यहां कॉलेज के बगल में एक निजी क्लीनिक का संचालन होता हुआ पाया गया।

निरीक्षण के दौरान क्लीनिक पर मौजूद संचालक रजिस्ट्रेशन सहित क्लीनिक संचालन संबंधी अन्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसी क्लीनिक के बगल में एक मेडिकल स्टोर का संचालन भी बिना लाईसेंस अवैध रूप से हो रहा था।

क्लीनिक और मेडिकल स्टोर को शील्ड कर संचालन करने वालों को नोटिस भेजे जा रहे है। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक से मरीजों को चढ़ाए जाने वाली ड्रिप और बड़ी संख्या में इंजेक्शन बरामद किए गए है।

### इनका कहना है...

निरीक्षण के दौरान क्लीनिक और मेडिकल स्टोर संचालक संचालन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, इसलिए उन्हें शील्ड किया गया है।
– शुभम शर्मा
एसडीएम, जौरा

# हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट लगाना जरूरी अन्यथा जुर्माना : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 25 अक्टूबर।** फसल विविधीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उच्च मूल्य की फसलों

## डीएपी के बजाय एनपीकेएस का उपयोग करें किसान



की पैदावार बढाई जाए। चने का रकबा बढ़ाया जाए, इसके लिए वृहद स्तर पर एक्सटेंशन कार्य किए जाएं। अमानक बीज की कार्रवाई में सख्ती जाई जाए। साथ ही किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड की जानकारी दी जाए। नरवाई प्रवंधन के लिए सुपर सीडरए हैप्पी सीडर एवं हार्वेस्ट में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम का उपयोग करें। अगर ऐसा नहीं किया जाता तो जुर्माना लगाया जाए।

यह बात कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि किसान की फसल दोगुनी हो और खेती के साथ उद्यानिकी, दुग्ध उत्पादन से खेती लाभ का धंधा बने। कलेक्टर ने कहा कि किसान खेतों में पराली न जलाएं। क्योंकि इससे जमीन की परत खराब होती है। उन्होंने कहा कि आरईओ गांवों में कार्यशाला कर इसके बारे में जागरुक करें और उस समय का जीओ टेग फोटो भी भेजें। उन्होंने कहा कि उप संचालक स्वयं वीडियो कॉलिंग करें और मेरे द्वारा भी संबंधित आरईओ को वीडियो कॉलिंग करके चर्चा करूंगा। उन्होंने कहा कि सुपर सीडर से खाद, बीज एक साथ बोया जाता है और नरवाई भी एक साथ नष्ट होती है। इसलिए खर्च भी कम आता है। इस पर 25 प्रतिशत सब्सिडी शासन द्वारा दी जाती है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. संजीव सिंह तोमर ने बताया कि किसान डीएपी के लिए नहीं भागे, डीएपी के अलावा एनपीकेएस भी उतना ही प्रभावशाली है, जितना डीएपी है।